No. of Questions – 22
No. of Printed Pages - 02

Roll No. (नामांक) - | | | | |

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2018–19

कक्षा – 6 (छठी)

समय – 2.30 घण्टे | **विषय – हिन्दी** | **पूर्णांक – 50 अंक**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. **परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।**
2. **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**
3. **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।**

(खण्ड –अ)

1. कवि बाँकीदास ने सूर कहा है– 01

(अ) किसान को (ब) वीर पुरूष को (स) व्यापारी को (द) राजा को ( )

2. देवासुर संग्राम में इन्द्र ने किसे अपना सेनापति बनाया– 01

(अ) कृष्ण को (ब) अर्जुन को (स) मुचुकुंद महाराजा को(द) कालयवन को ( )

3. झण्डा हाथ में लेकर जुलूस निकालने वाला बालक था– 01

(अ) सुभाषचन्द्र बोस (ब) गंगाधर तिलक (स) गुलाबसिंह (द) झाँसी की रानी ( )

4. सूरदास के पदों की भाषा है– 01

(अ) मारवाड़ी (ब) ढूँढाड़ी (स) ब्रज (द) अवधी ( )

5. मनोहर राजस्थान के किस जिले का रहने वाला था– 01

(अ) अजमेर का (ब) उदयपुर का (स) डूँगरपुर का (द) बाड़मेर का ( )

6. बरसात में हवा होती है– 01

(अ) आनंददायक (ब) कष्टदायक (स) प्रचण्ड (द) शुष्क ( )

7. मलेरिया होने का कारण है– 01

(अ) कुत्ते का काटना (ब) मधुमक्खी का काटना(स) मच्छर का काटना (द) ततैया का काटना ( )

8. कार्निस पर चिड़िया ने अंडे दिए थे– 01

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 5 ( )

(खण्ड – ब)

9. निम्न में से किन्ही चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– 02

अच्छा, अमृत, जीवन, एक, राजा, हर्ष ।

10. निम्न में से किन्ही दो शब्दो के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– 02

आग, घर, आकाश, कपडा।

11. निम्न में से किन्ही चार शब्दो के वचन बदलकर लिखिए– 02

कपडा, पंखा, खिड़की, लड़का।

12. कवि मातृभूमि से क्या वरदान माँगता है? (हे मातृभूमि ! हमको वर दो) 02

13. भाई पर गोली किसने चलाई? (गुलाब सिंह) 02

कृ.पृ.उ.

www.rajteachers.com

14. माँ यशोदा कृष्ण को सुलाने के लिए क्या–क्या यत्न करती है? (भक्ति–माधुरी) 04

15. मच्छरो से फेलने वाले रोग कौन–कौन से है? (मच्छड़बाबू) 04

16. सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। सर्वनाम कितने प्रकार के होते है? समझाइए। 04

(खण्ड – स)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

देश–प्रेम का भाव एक पवित्र भाव है। इस पवित्र भाव से पूर्ण मानव का जीवन आदर्श और अनुकरणीय होता है। देश–प्रेमी व्यक्ति सदा अपने देश का हित सोचता है। वह उसे विश्व का <u>शिरोमणि</u> बना देना चाहता है। वह मनसा, वाचा, कर्मणा ऐसा व्यवहार करता है जिससे देश गौरवान्वित हो। उसे हर समय देशहित की चिन्ता रहती है। ऐसा देश–प्रेम ही हमें <u>संकीर्ण</u> धरातल से ऊपर उठाता है।

17. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 02

18. देश–प्रेमी मानव का जीवन आदर्श और अनुकरणीय क्यों बनता है? 02

19. रेखांकित शब्दों का अर्थ लिखिए। 02

20. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। 02

अथवा

निम्नलिखित पद्याश की सप्रंसग व्याख्या कीजिए– 08

बरसात की आती हवा,
वर्षा धुले आकाश से,
या चंद्रमा के पास से,
या बादलों की साँस से,
मधु सिक्त मदमाती हवा,
बरसात की आती हवा !!

(खण्ड – द)

21. अपने प्रधानाध्यापक को अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। 06

अथवा

प्रधानाध्यापक को शुल्क मुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए ।

22. निम्नलिखित में से किसी एक प्रसंग पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 06

(अ) मेरा प्रिय अध्यापक (ब) दीपावली

www.rajteachers.com